भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रैस विज्ञप्ति

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रिये कार्यालयों पर “अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस “ आज बड़ी धूमधाम से मनाया गया । इस अवसर पर निगमित मुख्यालय पुस्तकालय द्वारा एक व्याख्यान का आयोजन किया गया । इस अवसर पर महिला वक्ताओं को आमंत्रित किया गया जिसमे श्रीमति कल्पना सेठी, पूर्व कार्यपालक निदेशक (योजना), भा॰ वि॰प्रा॰ तथा डा॰ गीता महेश्वरी जो डाक्टर होने के साथ- साथ एक लेखक भी हैं ; इन दोनों महिला वक्ताओं द्वारा उपस्थित महिला जनसमूह को **“भारत निर्माण में महिलाओं का योगदान तथा महिला सशक्तिकरण”** विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई । इस आयोजन की अध्यक्षता भा॰वि॰प्रा॰ के सदस्य (मानव- संसाधन) श्री अनुज अग्रवाल द्वारा की गई । इस अवसर पर श्री अनुज अग्रवाल द्वारा भा॰वि॰प्रा॰ में महिलाओं द्वारा दिये गए योगदान की सराहना की गई तथा उनकी कार्यकुशलता हेतु उनको प्रोत्साहित किया गया। पुस्तकालय द्वारा आयोजित यह आयोजन अत्यंत सफल रहा ।

जनसम्पर्क निदेशालय द्वारा जारी

विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क करें

म॰प्र॰(जनसम्पर्क)011-24622787, 9810025069

स॰96/2015-16

श्री अनुज अग्रवाल, सदस्य (मानव संसाधन) अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला वक्ताओं को सम्मानित करते हुए।